विधायक हो रहे अमीर : एडीआर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट के अनुसार विधानसभा के लिये फिर से चुनाव लड़ रहे मौजूदा विधायकों की संपत्ति 220.57 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

प्रमुख बिंदु

- एडीआर ने 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में फिर से चुनाव लड़ने वाले 301 विधायकों/एमएलसी के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद यह रिपोर्ट बनाई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, दोबारा चुनाव लड़ रहे 301 विधायकों/एमएलसी में से 284 एमएलए/एमएलसी की संपत्ति 0 फीसदी से बढ़कर 220.57 फीसदी और 17 एमएलए/एमएलसी की संपत्ति -1 फीसदी से घटकर -36 फीसदी हो गई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, निर्दलीय सहित विभिन्न दलों द्वारा फिर से चुनाव लड़ रहे इन 301 विधायकों/एमएलसी की औसत संपत्ति 2017 में 5.68 करोड़ रुपए थी, जो 2022 में बढ़कर 8.87 करोड़ रुपए हो गई है।
- 2017 और 2022 के राज्य चुनावों के बीच इन विधायकों/एमएलसी की औसत संपत्ति वृद्धि 3.18 करोड़ रुपए है, जबकि इन फिर से चुनाव लड़ने वाले नेताओं की संपत्ति में औसत प्रतिशत वृद्धि 56 प्रतिशत है।
- सबसे अधिक संपत्ति वृद्धि वाले शीर्ष विधायक/एमएलसी मुबारकपुर सीट से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के शाह आलम (गुड्डू जमाली) हैं, जिनकी संपत्ति 2017 के 77.09 करोड़ रुपए से बढ़कर 2022 में 195.85 करोड़ रुपए (65 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mlas-getting-richer-adr